आर.एन.आई. नं. DELHIN/2017/73538

सेवा पाती

मूल्य » ₹ 5 ● वर्ष-02 ● अंक » 25 ● मुद्रण तारीख » 1 मई-2019 ● कुल पृष्ठ » 28

परम पू. कैलाश जी 'मानव'

चैत्र नवरात्रि में 301 दिव्यांग कन्याओं का पूजन

आपश्री के सहयोग से सम्पन्न हुए इन कन्याओं के ऑपरेशन...

नारायण महावीर प्राकृतिक चिकित्सालय

प्रकृति ही हमारी सच्ची स्वास्थ्य रक्षक है

राजस्थान का कश्मीर कही जाने वाली झीलों की नगरी उदयपुर से 15 कि.मी दूर अरावली पर्वतमाला की सुरम्य वादियों के आंचल में लियों का गुड़ा गांव स्थित नारायण सेवा संस्थान के सेवा महातीर्थ परिसर में नारायण महावीर प्राकृतिक चिकित्सालय असाध्य रोगों से ग्रस्त उन महानुभावों को आरोग्य प्रदान कर रहा है जो अन्य चिकित्सा पद्धतियों से निराश हो चुके थे तथा इन रोगों को अपनी नियती मानकर अभिशप्त जीवन जी रहे थे। ऐसे ही निराश महानुभावों को संस्थान में पधार कर स्वास्थ लाभ लेने का सादर आमंत्रण है।

- पूर्णतः प्राकृतिक वातावरण में प्राकृतिक चिकित्सा विधि से नाना प्रकार के रोगों का इलाज।
- चिकित्सालय में भर्ती होने वाले रोगियों की दिनचर्या प्राकृतिक चिकित्सक के निर्देशानुसार निर्धारित होती है।
- रोगियों को उनकी स्वास्थ्य समस्याओं के अनुसार आहार चिकित्सा दी जाएगी।
- आवास एवं भोजन की सुव्यवस्था।

नेचुरोपैथी के साथ योगा थेरेपी एवं एडवांस एक्यूपंक्चर थेरेपी भी उपलब्ध है। सम्पर्क करें:- 0294 6622222, 09649499999

/nssudaipur /narayansevasansthan /@narayanseva_ narayansevasansthan

नारायण सेवा संस्थान
नर सेवा नारायण सेवा

सेवा पाती
1 मई, 2019

वर्ष 02 अंक 25 मूल्य ₹ 05

कुल पृष्ठ » 28

संपादक मंडल

मार्ग दर्शक » कैलाश चन्द्र अग्रवाल
सम्पादक » प्रशान्त अग्रवाल
डिजाइनर » विरेन्द्र सिंह राठौड़

संपर्क (कार्यालय)

नारायण सेवा संस्थान
नर सेवा नारायण सेवा

नारायण सेवा संस्थान

सेवा-पाती (मासिक पत्रिका)

मुद्रण तारीख 1 मई, 2019 स्वत्वाधिकार नारायण सेवा संस्थान, प्रकाशक जतन सिंह द्वारा 6473, कटरा बरियान, फतेहपुरी, दिल्ली-110006 से प्रकाशित तथा एम.पी. प्रिंटर्स नोएडा से मुद्रित।

Web » www.narayanseva.org
E-mail » info@narayanseva.org

हिरण मगरी, सेक्टर-4 उदयपुर (राज.)-313002, फोन नं. : 0294-6622222, मो नं. : 09649499999

CONTENTS

इस माह में

पाठकों हेतु

जीवन संध्या वृद्धावस्था में अकेलेपन से बचें 05

अन्य स्तंभ

- अपनों से अपनी बात 04
- सास-बहू में सामंजस्य जरूरी 06
- रविंद्रनाथ ठाकुर 07
- बच्चों को बनाएं आत्मविश्वासी 08
- रूमादेवी आत्मनिर्भरता की... 09

उड़ान दिव्यांग की प्रस्तुतियों ने मन मोहा 10

- नरेन्द्र को मिला नव-जीवन 11
- दिव्यांग को दी निःशुल्क स्कूटी 12
- 301 दिव्यांग कन्याओं का पूजन 13
- रामामंडी में कृत्रिम अंग वितरण 14
- सेवा मनीषियों का स्नेह सम्मेलन 15
- सेवा और सम्मान 16

कथा ज्ञान यज्ञ परिवार की नींव प्रेम-जया किशोरी जी 17

- प्रभु प्राप्ति हो वही साधना श्रेष्ठ 18
- झीनी-झीनी रोशनी (6) 19
- दानवीर भामाशाहों का आभार 20
- दान सहयोग हेतु अपील 21
- शिविर सहयोग 22
- भोजन-नाश्ता सहयोग 23

अपनों से अपनी बात

पू. कैलाश 'मानव'

अवसर बहुतेरे

क्या हुआ यदि हमने एक अवसर गवां दिया। दुनिया में अवसरों की कमी थोड़े ही है। यदि चारों ओर देखा जाये तो अवसर ही अवसर दिखाई देंगे।

किसी गांव में एक कुम्हार बहुत अच्छे और सुन्दर मिट्टी के बर्तन बनाता था। उसने चार सुन्दर घड़े बनाये। बावजूद इसके अन्य बर्तन तो बिक रहे थे लेकिन उनका खरीददार नहीं आ रहा था।इस बात से चारों बहुत दुखी थे। एक दिन चारों आपस में बात करने लगे। पहला बोला, 'मैं एक बड़ी और सुन्दर मूर्ति बनना चाहता था ताकि किसी अमीर के घर की शोभा बनता। तभी दूसरा बोला, मैं एक दीया बनना चाहता था ताकि रोज जलता और चारों ओर रोशनी बिखेरता। तभी तीसरे घड़े ने कहा, 'किस्मत तो मेरी भी ख़राब है। मैं एक गुल्लक बनना चाहता था। लोग मुझे हमेशा पैसों से भरा रखते। अपनी बात खत्म होने पर चौथा घड़ा मुस्कुराया और बोला, 'आप तीनों क्या समझते हो, क्या मैं दुखी नहीं हूँ? दोस्तों! मैं तो एक खिलौना बनना चाहता था ताकि बच्चे मुझसे खेलते और बहुत खुश होते। लेकिन कोई बात नहीं। हम एक उद्देश्य में असफल हो गए तो क्या। दुनिया में अवसरों की कमी नहीं है। आगे और भी मिलेंगे। बस धैर्य रखो और इंतजार करो। एक महीना बीता ही था कि ग्रीष्म ऋतु आ गई। ठंडे पानी की जरुरत के लिए लोगों ने घड़े खरीदने शुरू कर दिए।चारों घड़े बड़े और सुन्दर तो थे ही लोगों ने ऊँचे दामों पर उन्हें खरीद लिया। आज वे लोगों की प्यास बुझाते हैं और बदले में खुशी और दुआएं पाते हैं। दुनिया में बहुत से ऐसे लोग हैं जो वह नहीं बन पाते जो वे बनना चाहते हैं। ऐसा होने पर लोग खुद को असफल महसूस करते हैं और हमेशा अपनी किस्मत को दोष देते रहते हैं। मित्रों! क्या हुआ यदि हमने एक अवसर गवां दिया। दुनिया में अवसरों की कमी थोड़े ही है। यदि चारों ओर देखा जाये तो अवसर ही अवसर दिखाई देंगे। कोई एक अवसर आपको सफलता जरूर दिला देगा। हमेशा धैर्य बनाये रखें।

प्रेरक प्रसंग

'सेवक' प्रशान्त भैया

सबसे अमूल्य वस्तु

अमूल्य वस्तुएं इंसान को क्षण भर सुख प्रदान कर सकती हैं। लेकिन जिसके पास संतोष का धन है, वही इंसान जिंदगी में सच्चे सुख की अनुभूति कर पाता है।

एक राजा ने प्रजा के सेवा कार्यों को बढ़ाने के लिए कर्मठ व बुद्धिमान व्यक्ति की नियुक्ति का निश्चय किया। इसके लिए उन्होंने प्रतियोगिता आयोजित की। दूर-दूर से बड़ी तादाद में लोग आए। राजा ने एक बड़े मैदान में बहुत सारी कीमती वस्तुएं रखवाई। राजा ने घोषणा की कि जो भी व्यक्ति इनमें से सबसे कीमती वस्तु उनके पास लेकर आएगा उसे ही नियुक्ति दी जाएगी। प्रतियोगिता आरम्भ हुई। सभी प्रतियोगी सबसे अमूल्य वस्तु तलाशने में लग गए। कई हीरे-जवाहरात लेकर तो कई सोने-चांदी की चीजें, कुछ लोग पुस्तकें, तो कोई भगवान की मूर्ति और एक गरीब व्यक्ति रोटी लेकर राजा के सामने उपस्थित हुआ। तभी एक नौजवान राजा के सामने खाली हाथ आ खड़ा हुआ। राजा ने सबसे प्रश्न करने के उपरान्त उस नौजवान से प्रश्न किया- अरे! नौजवान, क्या तुम्हें कोई भी वस्तु अमूल्य नजर नहीं आई? तुम खाली हाथ कैसे आये?'राजन! मैं खाली हाथ कहाँ आया हूँ, मैं तो सबसे अमूल्य वस्तु लाया हूँ।' 'नौजवान बोला। 'ऐसा क्या लाये हो?'- राजा ने पूछा।'मैं संतोष लेकर आया हूँ महाराज!'- नौजवान ने कहा।क्या, 'संतोष', इन लोगों द्वारा लायी गई वस्तुओं से भी मूल्यवान है?- राजा ने पुनः प्रश्न किया। जी हाँ राजन! अमूल्य वस्तुएं इंसान को क्षण भर के लिए सुख प्रदान कर सकती हैं। इनकी प्राप्ति के बाद मनुष्य कुछ और ज्यादा पाने की इच्छा करने लगता है। लेकिन जिसके पास संतोष का धन है, वही इंसान जिंदगी में सच्चे सुख की अनुभूति और अपनी सभी भौतिक इच्छाओं पर नियंत्रण कर सकेगा।' नौजवान ने शांत स्वर में उत्तर दिया। नौजवान को राजा ने सम्मानजनक ओहदे पर चुन लिया और सम्मानित भी किया।

जीवन संध्या

वृद्धावस्था में अकेलेपन से बचें

रिटायर होते ही व्यक्ति को लगता है जैसे सब कुछ थम गया, सब कुछ ठहर सा गया हो पर ऐसा नहीं है। वृद्धावस्था भी उम्र के अन्य दौरों की तरह एक दौर है जिसका सामना हर व्यक्ति को करना पड़ता है। कुछ व्यक्ति वृद्धावस्था को भी उम्र के अन्य चरणों की तरह एंजाय करते हैं पर कुछ से बोझ मानते हुए अपने अकेलेपन में घुटते रहते हैं।

उम्र बढ़ने का अर्थ खालीपन व बेकार होना नहीं बल्कि कुछ ऐसा करने का समय है जब आप जिम्मेदारी से मुक्त हैं और आपके पास समय की कोई कमी नहीं। आपके मन में जो चाहे आए, आप कर सकते हैं। आइए उम्र के इस दौर को खालीपन से बचाने के लिए आप क्या कर सकते हैं। इसे जानें।

- पहले तो आपके पास सामाजिक गतिविधियों के लिए समय नहीं था पर अब आप अपने दोस्तों की संख्या को बढ़ाएं। किसी सामाजिक संस्था के सदस्य बनकर सेवा कार्य करें।
- रिटायर होने के पश्चात् भी आप कोई पार्ट टाइम जॉब कर सकते हैं। ट्यूशन, एकाउंटस आदि पार्ट टाइम जॉब करके आप व्यस्त भी रहेंगे और आपकी आमदनी का जरिया भी बना रहेगा।
- आप के पास हाथ का हुनर है तो आप स्वयं का लघु व्यवसाय प्रारंभ कर सकते हैं।
- घर के कामों में मदद करें। बच्चों को स्कूल छोड़ना, बैंक के कार्य, जो भी कार्य आपको सुविधाजनक लगे, उन्हें करके अपने को व्यस्त रखने की कोशिश करें।
- वृद्धावस्था तक पहुंचते-पहुंचते आपके बच्चे जवान हो चुके होते हैं और उनकी अपनी जिम्मेदारियां होती हैं। आज की व्यस्तता भरी जिंदगी में जहां अपने लिए भी समय निकालना मुश्किल होता है वहां उनसे अधिक आशा रख कर न चलें कि वह आपके टाइम पास के लिए समय निकाल पाएंगे। अगर आप उनसे कम आशा रखेंगे तो स्वयं भी खुश रहेंगे और आपके परिवार वाले भी खुश रहेंगे।
- जब व्यक्ति खाली होता है तो वह दूसरे कामों में अधिक टोका-टाकी करता है। अक्सर परिवारों में यह लड़ाई की वजह देखी गई है। इसलिए परिवार में दखलअंदाजी कम करें और हर किसी को अपने अनुसार चलाने का प्रयत्न न करें।
- नए रचात्मक शौक अपनाएं या अपने पुराने शौकों को फिर से जगाएं। संगीत सुनना, बागवानी करना, पत्रिकाएं पढ़ना, टी.वी. देखना जो भी अच्छा लगे, करें।
- अगर आप धार्मिक हैं तो नियमित मन्दिर जाने का नियम बनाएं।



महिला मंगल

सास-बहू में सामंजस्य जरूरी

सास-बहू में अनबन का किस्सा आम बात है। नई-नवेली दुल्हन कितने अरमान लेकर ससुराल में बहू बनकर आती है लेकिन जब आपसी तालमेल के अभाव में सास-बहू के बीच खटपट शुरू हो जाती है तो घर में अशांति और कलह का वातावरण पैदा हो जाता है जिससे परिवार पर बुरा असर पड़ता है। बहू की शिकायत होती है कि सास मुझे समझने की कोशिश ही नहीं करती और सास कहती है कि बहू को मेरी फिक्र ही नहीं। वह अपनी मनमानी करती है। बहू को यह सोचना चाहिए कि ससुराल ही अब उसका अपना घर है। इस घर की सुख-शांति, दुख-दर्द, मान-अपमान, सब उसके अपने हैं अगर वह ससुराल के तौर-तरीके सीखे और उन्हें अपनाने की कोशिश करे तो शुरू-शुरू में कुछ असुविधा जरूर हो सकती है और कुछ बातें अजीब भी लग सकती हैं, लेकिन धैर्य और सहनशक्ति का दामन थामकर उस माहौल में ढलने की कोशिश करती रहें अगर आप सास को प्यार देंगी, तो बदले में उनका प्यार भी पाएंगी। चूंकि सास बुजुर्ग और अनुभवी होती है, इसलिए जहां तक संभव हो, उन्हें धैर्य, संतोष और सहनशीलता से काम लेना चाहिए। बहू से बहस में पड़ने की बजाय उन्हें शांत हो जाना चाहिए। इसी में उनकी गरिमा भी है। सास का व्यवहार उदार व मृदु रहेगा तो बहू का रवैया भी मधुर होगा। बहू को भी चाहिए कि वह बात का बतंगड़ न बनाए और शांति से काम ले, सहनशक्ति और धैर्य बनाए रखे। कभी किसी बात के लिए जिद लेकर न बैठ जाएं। कई बार बोलने से अधिक चुप रहना श्रेष्ठ होता है। आप सास हैं तो बहू को बात-बात में यह न जताएं कि आप घर की मालकिन हैं और इस पर आपका ही राज चलेगा बल्कि यह कहें कि बहू, इस घर पर तुम्हारा भी उतना ही अधिकार है। तुम भी इस घर की जिम्मेदार सदस्य हो, अपने हिसाब से इस घर को सजाओ-सवारों। बहू पर अपनी बातों को थोपने की कोशिश न करें। कोई मशविरा देना हो तो ऐसे दें कि बहू को बुरा न लगे। इससे बहू के दिल में आपके प्रति मान बढ़ेगा। अगर बहू थकी-मांदी घर आए तो उसे थोड़ा आराम करने दें। यह न सोचें कि आते ही वह काम में जुट जाएगी। बहू के अच्छे काम और अच्छे भोजन की प्रशंसा अवश्य करें। अगर कोई काम हो या किसी चीज की जरूरत हो तो बेटे के बजाय सीधा बहू से संपर्क करें। इससे बहू को आंतरिक प्रसन्नता होगी और उसे महसूस होगा कि वह भी इस घर की महत्वपूर्ण सदस्य है। बहू को भी ममता की छांव दीजिए तो कभी सहेली सदृश व्यवहार करें। अगर सास-बहू को बेटी की तरह समझेगी तो बहू भी सास में अपनी मां की छवि देखेगी और मान देगी। अगर कभी आपस में अनबन हो भी जाए तो आपा न खोएं। गुस्से में अपशब्द न बोलें। पीठ पीछे या दूसरों के सामने एक-दूसरे की शिकायत न करें और न ही अपने मनमुटाव या झगड़े को घर से बाहर जाने दें। सास-बहू कभी भी एक-दूसरे को प्रतिद्वंद्वी ने समझें और न ही खुद को श्रेष्ठ साबित करने में लगी रहें। छोटी-छोटी बातों को दिल से न लगाएं। अपनी गलतियों को स्वीकारें और जल्द से जल्द एक-दूसरे की नाराजगी को खत्म कर दें। सास-बहू अगर एक-दूसरे को समझने और आपस में तालमेल बिठाकर रखें तो यह रिश्ता मां-बेटी से भी ज्यादा मधुर हो जाएगा। यह रिश्ता अनुराग, ममता, मनुहार और सम्मान भरा होगा तो आपस में तनातनी की समस्या ही नहीं रहेगी।

महामना

रविंद्रनाथ ठाकुर

जन्मः 7 मई, 1861
निधनः 7 अगस्त, 1941

पश्चिम बंगाल के जोड़ासांको में जन्मे रवींद्रनाथ ठाकुर पहले भारतीय थे, जिन्हें 'गीतांजलि' के लिए नोबेल पुरस्कार मिला। उनके लेखन में इतनी ताकत थी कि अंग्रेजी सत्ता भी उनकी कलम से घबराती थी। भारत और बांग्लादेश के राष्ट्रगान के रूप में रवींद्रनाथ ठाकुर का लिखा गीत गाया जाता है। प्रकृति से प्रेम करने वाले ठाकुर भारतीय संस्कृति के प्रतीक थे। उन्हें दुनिया गुरूदेव के नाम से भी जानती है।

व्यक्तिगत जीवनः- रवींद्रनाथ ठाकुर के पिता देवेंद्रनाथ ठाकुर और माता शारदा देवी थीं। उनके पिता दार्शनिक और ब्रह्म समाज के संस्थापकों में से एक थे। बचपन में ही ठाकुर के सिर से मां का साया उठ गया। उनके सबसे बड़े भाई द्विजेंद्रनाथ एक दार्शनिक और कवि थे और दूसरे भाई सत्येंद्रनाथ यूरोपीय सिविल सेवा के लिए पहले भारतीय नियुक्त व्यक्ति थे। उनके एक भाई ज्योतिंद्रनाथ संगीतकार और नाटककार थे और उनकी बहन स्वर्ण कुमारी उपन्यासकार थीं।

शिक्षा-दीक्षाः- रवींद्रनाथ ठाकुर की शुरूआती शिक्षा सेंट जेवियर स्कूल में हुई। 1883 में मृणालिनी देवी के साथ उनका विवाह हुआ। भाई ज्योतिंद्रनाथ की पत्नी कांदबरी देवी की मृत्यु से ठाकुर बहुत आहत हुए और विद्यालयी शिक्षा से उनका मन उठने लगा। अब वे परिवार के साथ अधिक समय गुजारने लगे। ठाकुर ने कला, शरीर विज्ञान, भूगोल, इतिहास, साहित्य, गणित, संस्कृत और अंग्रेजी जैसे विषयों को अपना पसंदीदा विषय बनाया और उनका अध्ययन किया। शिक्षा को लेकर ठाकुर का कहना था कि उचित शिक्षण चीजों की व्याख्या नहीं करता, उनके अनुसार उचित शिक्षण जिज्ञासा पैदा करता है।

साहित्यिक रूचि :- रवींद्रनाथ ठाकुर को बचपन से ही कविताएं लिखने का शौक था। उन्होंने पहली कविता आठ साल की उम्र में लिखी। सोलह साल की उम्र में उनकी लघुकथा प्रकाशित हुई। ठाकुर ने गीतांजलि, नैवेद्य, मेयेर खेला, चोखेर बाली, पूरबी प्रवाहिनी, शिशु भोलानाथ, महुआ, वनवाणी, परिशेष, पुनश्च, वीथिका शेषलेखा, कणिका और क्षणिका आदि रचनाएं लिखीं। उन्होंने साहित्य की हर विधा में लिखा। उनका लेखन केवल बांग्ला तक सीमित नहीं रहा, बल्कि हिंदी, अंग्रेजी आदि में अनुवादों के जरिए पूरे विश्व मे पहुंचा। उन्हें विश्व भर में ख्याति प्राप्त हुई।

प्रकृति प्रेमीः- ठाकुर को बचपन से ही प्रकृति से इतना प्रेम था कि 1907 में सियालदह छोड़ कर आश्रम की स्थापना करने के लिए शांतिनिकेतन आ गए। उनका मानना था कि विद्यार्थियों को प्रकृति के सानिध्य में रह कर अध्ययन करना चाहिए। प्रकृति के बीच में पेड़ों, बगीचों और एक पुस्तकालय के साथ ठाकुर ने शांतिनिकेतन की स्थापना की। गीतांजलि के संकलन में भी उनके कई गीत प्रकृति प्रेम को दर्शाते हैं। उन्होंने करीब 2200 गीतों की रचना की। आज उनके गीत बांग्ला संस्कृति का अभिन्न अंग हैं। उनके संगीत को रवींद्र संगीत के नाम से जाना जाता है।

ठाकुर और बापूः- ठाकुर और महात्मा गांधी के बीच कुछ बातों को लेकर वैचारिक मतभेद रहा। गांधी राष्ट्रवाद को पहले पायदान पर रखते थे, तो ठाकुर मानवता को राष्ट्रवाद से अधिक महत्व देते थे। पर दोनों एक-दूसरे का बहुत सम्मान करते थे। ठाकुर ने ही गांधी को 'महात्मा' कहा था। जब शांतिनिकेतन आर्थिक तंगी ये जूझ रहा था और ठाकुर देश भर में नाटकों का मंचन करके धन संग्रह कर रहे थे, उस समय गांधी जी ने ठाकुर को साठ हजार रूपए का अनुदान दिया था।



परवरिश

बच्चों को बनाएं आत्मविश्वासी

बच्चों को आत्मविश्वासी और पूर्ण बनाने के लिए मनोवैज्ञानिकों का मत है कि उनसे ईमानदारी भरा व्यवहार किया जाए व जीवन की सच्चाई कभी छिपाई न जाए।

बड़ों के पास तमाम साधन, उपाय रहते हैं कि वे बच्चों के मन, दुविधा, समस्या या किसी उलझन को समझ लें, पर बड़े ये नहीं समझ पाते कि कितनी ही बार उनकी चुप्पी, कोई दूसरा व्यवहार बच्चों को परेशान कर सकता है। अधिकांश मां-बाप बच्चों के प्रति अतिशय प्रेम, ममत्व व सुरक्षा के गहन भाव के कारण ही अपने तनावों, दुखों व उलझनों से दूर रखना चाहते हैं। वे अपने बच्चों को दुःख भरी सूचनाओं व जीवन के कड़वे हादसों की छाया भी नहीं पड़ने देना चाहते पर वे भूल जाते हैं कि ऐसा सुरक्षित व्यवहार करके भी कोई भी मां-बाप अपने बच्चों को जीवन की वास्तविकताओं से बचाए नहीं रख सकते। इस तरह के किसी भी सुरक्षित व बचाव भरे उपाय का प्रायः बच्चों पर उल्टा ही असर पड़ता है। वे यह तो भांप लेते हैं कि कुछ असामान्य है, पर क्या असामान्य है, इतना उन्हें ठीक-ठीक पता नहीं चल पाता फलतः वे ज्यादा भ्रमित डरे-डरे व आंतकित हो जाते हैं, न तो खुलकर पूछ ही पाते हैं न ही जान पाते हैं तथा किसी भी ऐसी स्थिति के लिए जाने अनजाने खुद को ही दोषी मान बैठते हैं।

यह ठीक है कि घरेलू मामलों या दाम्पत्य में पति-पत्नी के बीच हुई किसी भी मामले की झिक-झिक का खुलासा बच्चों के सामने करना ठीक नहीं, पर बच्चों के लिए समस्या का कपोल कल्पित आंकलन करने की अपेक्षा वास्तविकता की कठोरता से दो-चार होना अधिक ठीक हैं। यदि मां-बाप चाहते हैं कि उनके बच्चे अपना भला-बुरा समझें व आत्मविश्वास के साथ बड़े हों तो उन्हें ये सच्चाई समय-समय पर जरूर बता देनी चाहिए कि बड़ों की जिन्दगी में तमाम छोटी बड़ी समस्याएं-उलझनें रहती हैं, जिनका बच्चों से काई लेना देना नहीं रहता। जरूरी हो तो बच्चों को जितनी जानकारी उनके लायक हो, उन्हें दी जा सकती है व उन्हें पूर्णतः आश्वस्त भी किया जा सकता है कि उन्हें घबराने या भयभीत होने की कोई जरूरत नहीं है।

बच्चे अपने मां-बाप के प्रति निश्छल भाव से समर्पित होते हैं, इसी कारण वे जिस स्थिति को जान-समझ लेते हैं उसका सहजता से सामना भी कर लेते हैं जैसे वे समझ लेते हैं कि मां के सिर में तकलीफ है और वह सोना चाहती है तो वे शोर नहीं करते तथा टी.वी. आदि भी बन्द कर देते हैं। बच्चों के साथ ईमानदारी का व्यवहार करने पर मां-बाप स्वतः ही अपने व्यवहार तथा आचरण से उन्हें भी अपने प्रति ईमानदारी बरतने को प्रोत्साहित करते हैं। बच्चों को इतनी छूट व इजाजत होनी जरूरी है कि बड़ों के किसी व्यवहार से उन्हें उलझन या परेशानी हो तो वे स्पष्ट पूछ सकें।

जब बच्चों को यह भरोसा होगा कि वे अपनी कोई भी समस्या उलझन या भ्रम का जवाब मां-बाप से पा सकते हैं तभी वे जीवन की सच्चाईयों व वास्तविकताओं से दो चार होने लायक बनते हैं और अपना आत्मविश्वास, मनोबल को भी दृढ़ रख पाते हैं।

नारी शक्ति

रूमादेवी: आत्मनिर्भरता की मिसाल

परम्परागत आदिवासी हाथ करघे के जरिये राजस्थान के थार क्षेत्र के 75 गांवों की 22 हजार से अधिक महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने वाली रूमा देवी की अथक मेहनत व लगन से हाथ करघा उत्पाद ब्रिटेन व जर्मनी के कई शहरों में रैंप तक पहुंच कर भारत के हस्तशिल्प का डंका बजा रहा है।

बाड़मेर, राजस्थान के रेगिस्तानी इलाके के एक गरीब परिवार में जन्म लेने वाली रूमादेवी ने 2008 में बैग और कुशन बनाने का काम शुरू किया था। लेकिन परिधान के मुकाबले इनकी बिक्री बहुत कम होती थी। जिससे इनकी आर्थिक स्थिति में कोई विशेष सुधार नहीं हुआ। ये चाहती थी कि उनकी और उनकी जैसी ही क्षेत्र की अन्य महिलाओं की माली हालत में सुधार हो और वो कुछ ऐसा करें जो मिसाल भी बन सके। अतः उन्होंने सूती दुपट्टे और कुर्ते बनाने का काम शुरू किया। इसके बाद सिल्क की ओर रूख किया और टसर, मूंगा मटका सिल्क में साड़ी बनाना शुरू किया। सिल्क की साड़ियों को लोगों ने हाथोंहाथ लिया और आज बॉलीवुड कलाकारों सहित जाने-माने लोग इनकी पारंपरिक डिजाइन वाली सिल्क साड़ियों को बहुत चाव से खरीदते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी उनके बाड़मेर आगमन पर रूमा देवी द्वारा डिजाइन किया गया एक शाल भेंट किया गया था, जिसे प्रधानमंत्री ने बहुत सराहा। रूमा देवी ने विख्यात डिजाइनर अनिता डोंगरे, बीवरी रसैल और अब्राहम ठाकुर के साथ भी काम किया है। उनके उत्पादों को लंदन फैशन वीक और कोलंबो फैशन वीक में भी प्रदर्शित किया जा चुका है।

रूमा देवी ने जर्मनी में टेक्सटाइल के सबसे बड़े मेले के अलावा कोलंबो, सिंगापुर, थाईलैंड और मलेशिया में भी प्रदर्शनी लगाकर बाड़मेर की कला को प्रदर्शित किया है। वे कहती हैं, विदेशियों को हमारा हस्तशिप बहुत पसंद आया। विदेशों में प्रदर्शनी लगाने से देश में भी बाड़मेर के कलाकारों द्वारा बनाए गए उत्पाद की ब्रिकी में इजाफा हुआ। राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद ने मार्च 2019 में 'नारी शक्ति' सम्मान से इन्हें अलंकृत किया। इसके अलावा भारतीय हस्तशिल्प के क्षेत्र में उल्लेखनीय सेवाओं के लिए सम्मानित किया जा चुका है। विश्व स्तर पर हस्तकला के प्रचार प्रसार के लिए उन्हें राज्य स्तरीय सम्मान से भी नवाजा जा चुका है। बाड़मेर के रेतीले धोरों से निकल कर विश्व स्तरीय डिजाइनरों के बीच फैशन शो के रैंप पर पहुंचने वाली रूमा के लिए यह सफर आसान नहीं था। 17 वर्ष की उम्र में उनकी शादी होने के कारण, उनकी स्कूली पढ़ाई पूरी नहीं हो पाई, लेकिन उन्होंने अपनी सोच, लगन और उत्साह से अपने को ही नहीं बल्कि आसपास के कई गांवों की अपने जैसे ही साधारण परिवार की महिलाओं के सपनों को पंख दिए।

उड़ान

दिव्यांगों की प्रस्तुतियों ने मन मोहा

-जींद के डीएवी स्कूल में दिव्यांग टैलेंट शो

जो व्यक्ति अपने लिए ना जी कर दूसरों के लिए जीए और सदा दूसरों की भलाई करे वही सच्चा इंसान है। यह उद्गार हरियाणा के मुख्यमंत्री के सचिव श्री राजेश गोयल ने 31 मार्च को जींद के डीएवी स्कूल में आयोजित दिव्यांग टैलेंट शो में बतौर मुख्य अतिथि कहे। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति अपने पैर पर खड़ा नहीं हो सकता और जो अपने हाथ से काम नही कर सकता उसे सक्षम बनाने और अपने पैरों पर खड़ा करने का जो काम नारायण सेवा संस्थान कर रहा है वह सेवा की बहुत बड़ी मिसाल है। डॉ.धर्मदेव विद्यार्थी के सौजन्य से जींद के लोगों को संस्थान की सेवाएं देखने को मिल रही हैं। दिव्यांग बहनों और भाइयों ने टैलेंट शो में जो प्रस्तुति दी है वह अंतरराष्ट्रीय स्तर की है। जींद में इस प्रकार का प्रयास अनोखा और अद्भुत है। जिसके लिए विवेकानंद फाउंडेशन जींद, आर्य युवा समाज हरियाणा तथा नारायण सेवा संस्थान बधाई के पात्र हैं। इस अवसर पर अतिथियों का स्वागत करते हुए नारायण सेवा संस्थान के अध्यक्ष सेवक प्रशांत भैया ने संस्थान की स्थापना से लेकर अब तक की निःशुल्क सेवा यात्रा की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दिव्यांगों के अलावा भी गरीब परिवारों के लोगों में अन्य जटिलतम बीमारियों का इलाज भी संस्थान निःशुल्क करवाता है। उन्होंने घोषणा की कि संस्थान की शाखा जींद में भी शीघ्र खोली जाएगी और डॉ. धर्मदेव विद्यार्थी उसके संयोजक होंगे। डीएवी संस्थान के राष्ट्रीय सचिव श्री महेश जी चोपड़ा ने कहा कि मैंने जीवन में इतना सुंदर कार्यक्रम जो दिव्यांगों द्वारा प्रस्तुत किया गया है कभी नहीं देखा। उन्होंने दिव्यांगों द्वारा बनाए गए परिधानों की प्रशंसा की। डीएवी संस्थान के कोषाध्यक्ष श्री शर्मा जी ने कहा कि डीएवी संस्थान इस प्रकार के परोपकारी कार्यों के लिए आगे आएगा। डीएवी संस्था नईदिल्ली के निदेशक श्री जेपी सुर ने कहा कि डीएवी ने ऐसे स्कूल खोले हैं जो मानसिक रूप से पिछड़े विद्यार्थियों के विकास में लगे हुए हैं। एक ऐसा ही स्कूल अमृतसर में खोला गया है। उन्होंने डॉक्टर धर्मदेव विद्यार्थी को कर्मशील तथा कर्मठ व्यक्ति बताते हुए उनकी प्रशंसा की। कार्यक्रम के संयोजक और डीएवी संस्थाओं के क्षेत्रीय निदेशक डॉ.धर्मदेव विद्यार्थी ने दिव्यांगों के प्रतिभा कौशल की प्रशंसा करते हुए कहा कि बहुत सारे लोगों ने इस समारोह को सफल बनाने के लिए अपना संपूर्ण सहयोग दिया है। संस्थान की नरवाना शाखा के संयोजक श्री धर्मपाल गर्ग और श्रीमती रश्मि विद्यार्थी ने दिव्यांगों व अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

नारायण सेवा संस्थान
नर सेवा नारायण सेवा

सहायता

नरेन्द्र को मिला नव - जीवन

कुरुक्षेत्र (हरियाणा) की मूल निवासी नरेन्द्र कौर का विवाह वर्ष 2009 में हुआ। सुखमय जीवन की आस लिए वह ससुराल आई थी, परन्तु उसने सपने में भी नही सोचा था कि उसके साथ कुछ बुरा होने जा रहा है। कुछ दिन तो सब कुछ सामान्य चलता रहा, परन्तु उसके पश्चात ससुराल में उसे आए दिन दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित किया जाने लगा। नरेन्द्र के मध्यम वर्गीय पिता ने उसके विवाह में कोई कमी नही रखी थी। समस्त जमा पूंजी उन्होंने बेटी के विवाह में खर्च कर दी। अब उनके लिए आए दिन बेटी के ससुराल वालों की मांग को पूरा करना संभव नही था। जिसका खामियाजा नरेन्द्र को झुलस कर उठाना पड़ा। यही नहीं उसे घर से बेदखल भी कर दिया गया। नरेन्द्र को समझ नही आ रहा था कि वह झुलसा हुआ चेहरा लेकर अब कैसे जी पायेगी।वक्त ने करवट ली और उसे अपने किसी हितैषी से नारायण सेवा संस्थान की ओर से निष्पादित किये जा रहे विभिन्न निःशुल्क सेवा प्रकल्पों की जानकारी प्राप्त हुई। उसने नारायण सेवा संस्थान से मदद की गुहार लगाई। जिसे देखते हुए नरेन्द्र के चेहरे की प्लास्टिक सर्जरी की व्यवस्था संस्थान की ओर से दानवीर भामाशाहों के माध्यम से करवाई गई।

किडनी ट्रांसप्लाट में मदद

उत्तरप्रदेश और मध्यप्रदेश की सीमा पर स्थित शहर झांसी में मजदूरी का काम करने वाले आलोक तिवारी के पुत्र अनुज (23) को 2-3 वर्ष से किडनी में खराबी की शिकायत थी। परिवार ने शहर के एक प्राईवेट हॉस्पीटल में चेकअप करवाया। जहां चिकित्सकों ने किडनी ट्रांसप्लांट की सलाह दी जिसमें अनुमानतः करीब 7 लाख रूपये का खर्चा बताया। मजदूरी करके 5-6 हजार रूपये माहवार कमाने वाले पिता के पास इतने पैसे नही थे कि वो बेटे का ऑपरेशन करवा सकें,लेकिन पुत्र को खोना भी नही चाहते थे। वे उपचार के लिए पैसे जुटाने में लग गये। कही से थोड़ी मदद मिली तो कही से कर्ज लिया। इधर अनुज की तबीयत लगातार खराब हो रही थी। उन्होंने मजबूरी में कुछ जेवरात भी बेचे फिर भी उपचार खर्च नही जुट पा रहा था। इसी दौरान उन्हे नारायण सेवा संस्थान के द्वारा जटिल रोगों के इलाज में आर्थिक सहायता दिए जाने की जानकारी मिली तो वो तुरंत यहां आये और बेटे के ऑपरेशन के लिए मदद मांगी। संस्थान ने बीमारी की गंभीरता को देखते हुए अनुज तिवारी के उपचार के लिए दो लाख रूपये की मदद उपलब्ध करवाई।

दुनिया में ऐसे कई बच्चें हैं जिन्हें आवश्यकता है इलाज की लेकिन गरीबी के कारण अपना इलाज नहीं करवा पाते और मौत के मुंह चले जाते हैं। आपके सहयोग से ऐसे बच्चों का जीवन बचाया जा सकता है संस्थान के माध्यम से - कृपया मदद करें।

सहायता

दिव्यांग को दी नि:शुल्क स्कूटी

उदयपुर के सविना सेक्टर 12 में रहने वाले सोहन लाल कलाल को संस्थान की ओर से 4 अप्रेल को निशुल्क स्कूटी एवं वॉकर प्रदान किए गए। उल्लेखनीय है कि 15 जून 2015 को अपने काम पर जाते हुए इनकी स्कूटी की एक कार से भिडंत हो गई थी। साधारण परिवार के सोहन ने उदयपुर के महाराणा भूपाल हॉस्पीटल के बाद अहमदाबाद के निजी हॉस्पीटल में भी इलाज करवाया जिसमें इनका काफी खर्चा हो गया। दुर्घटना के दौरान रीढ़ की हड्डी में भारी चोट लगने से ये चलने-फिरने में असमर्थ हो गए। पिछले साढ़े तीन साल से कोई काम भी नहीं कर पा रहे थे। किसी सहारे के साथ कुछ कदम तक चल पाना ही इनकी नियति बन गया। इन्होंने नारायण सेवा संस्थान से एक स्कूटी दिलवाने का आग्रह किया ताकि ये नए सिरे से अपनी जिंदगी शुरु कर सकें। उनकी स्थिति और आग्रह को स्वीकार करते हुए संस्थान अध्यक्ष सेवक प्रशांत भैया व निदेशक श्रीमती वंदना जी अग्रवाल ने उन्हें स्कूटी भेंट की।

पिता की स्मृति में वॉटर कूलर भेंट

नारायण सेवा संस्थान को पलवल (दिल्ली) निवासी युवा उद्यमी रवि मेहता ने 28 मार्च को वॉटर कूलर भेंट किया। यह वॉटर कूलर उन्होंने अपने पिता स्व. विरेन्द्र मेहता की स्मृति को समर्पित किया है, जिसे संस्थान के दिव्यांग विश्रामालय में लगाया गया है। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में संस्थान की मथुरा शाखा के अध्यक्ष दिलीप वर्मा, संस्थान निदेशक देवेन्द्र चौबीसा, विष्णु शर्मा हितैषी, भगवान प्रसाद गौड़ व दल्लाराम पटेल तथा गुजरात के मेहसाना से पधारे श्री मितिश भाई वोरा, श्रीमती दामिनी एम वोरा, श्री सुरेश पटेल व श्रीमती मिनाक्षी पटेल भी उपस्थित थे। संचालन रजनीश शर्मा ने किया ।

खेल प्रतिभाओं को प्रशिक्षण

नारायण सेवा संस्थान-सेवा परमोधर्म ट्रस्ट के आवासीय विद्यालयों की खेल प्रतिभाओं को तराशने की दृष्टि से पिछले दिनों विभिन्न प्रशिक्षण संपन्न हुए। एम.बी कॉलेज ग्राउण्ड पर11 से 17 मार्च तक चले फुटबॉल-हेंडबॉल के सप्त दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में अगले चरण के गहन प्रशिक्षण के लिए 15 छात्रों का चयन किया गया। शिविर प्रभारी विकास कुमार तथा कोच पराग वसीटा थे।

जिम्नास्टिक: संस्थान के बड़ी परिसर में जिम्नास्टिक प्रशिक्षण शिविर 18-24 मार्च तक हुआ। जिसमें 16 छात्रों का चयन किया गया। शिविर में सेवा परमों धर्म ट्रस्ट तथा भगवान महावीर बालगृह के 30 विधार्थियों ने भाग लिया। ये सभी कक्षा 6 से 12 तक के विधार्थी थे। कोच सचिन कुमार थे। शिविर में भगवान महावीर बालगृह के कृष्ण कुमार, रणवीर तथा श्रवण को क्रमशः पहला, दूसरा व तीसरा स्थान प्राप्त हुआ।

नारायण सेवा संस्थान
नर सेवा नारायण सेवा

अनुष्ठान

301 दिव्यांग कन्याओं का पूजन

संस्थान में चैत्र नवरात्रि की दुर्गाष्टमी पर 13 अप्रेल को सेवा महातीर्थ बडी में 301 दिव्यांग कन्याओं का पूजन महानुष्ठान हुआ। संस्थान निदेशक वंदना अग्रवाल ने वेदियों पर विराजमान सभी कन्याओं के भाल पर तिलक लगाकर लाल चुनरी ओढ़ाई और हलवा-पुरी का नेवैद्य अर्पित किया। कन्याओं को कंगन, माला, बिंदी आदि श्रृंगार-प्रसाधन सामग्री के साथ ही स्कूल ड्रैस, बैग, स्टेशनरी व पानी की बोटल, टिपिन, खिलौने आदि उपहार भी प्रदान किए गए। देश के विभिन्न प्रांतो से आई पूर्व पोलियोग्रस्त इन कन्याओं के नवरात्रि के दौरान ऑपरेशन सम्पन्न हुए। कार्यक्रम में कन्याओं के परिजनों ने विशेष रूप से संकल्प लिया कि कन्या भ्रूण हत्या, दहेज प्रथा तथा बेटे-बेटी में भेदभाव जैसी कुरीतियों के विरोध में वे सक्रिय योगदान देंगें। प्रातः हुए अनुष्ठान में संस्थापक पूज्य श्री कैलाश जी 'मानव', श्रीमती कमला देवी जी अग्रवाल व सेवक प्रशांत भैया ने प्रेषित अपने संदेश में कहा कि माँ दुर्गा की उपासना से जीवनी शक्ति प्राप्त होती है। दिव्यांग कन्याओं के पूजन के इस मौके पर हमें नारी सशक्तिकरण का संकल्प लेकर सुखी व सुसंस्कृत समाज के निर्माण में अपनी सहभागिता बढ़ानी चाहिए। निदेशक श्रीमती वंदना जी अग्रवाल के स्वर में स्वर मिलाते हुए कन्याओं ने संकल्प लिया कि वे संस्थान में पोलियो करेक्शन ऑपरेशन के बाद अब पूरे आत्म-विश्वास से शिक्षा और अन्य क्षेत्रों में सफलता को अपना लक्ष्य बनाएंगी। ऑपरेशन डॉ. ए.एस चुण्डावत, डॉ. ओडी माथुर व डॉ अंकित चौहान की टीम ने किए। संचालन ओमपाल ने किया।

चिकित्सा के लिए दिए 2.70 लाख

अलवर मूल के उदयपुर में कार्यरत लखन यादव की 3 माह की बच्ची दिशानी यादव के दिल में तीन छेद के ऑपरेशन के लिए कन्या पूजन कार्यक्रम में संस्थान की ओर से 2 लाख 70 हजार रूपये का चैक भेंट किया गया।

संस्थावलोकन

भजन गायिका किरण का आगमन

नारायण सेवा संस्थान के चैनराज सावंतराज पोलियो हॉस्पीटल बड़ी स्थित लियो के गुड़ा में 15 मार्च को सुप्रसिद्ध भजन गायिका किरण डांगी ने 101 जन्मजात पोलियोग्रस्त बच्चों के निःशुल्क चिकित्सा शिविर का उद्घाटन किया तथा ऑपरेशन से स्वस्थ हुए बच्चों, किशोर-किशोरियों से कुशलक्षेम पूछी। मूक-बधिर व विमंदित बच्चों द्वारा तैयार शिल्प एवं रोजगारपरक प्रशिक्षण कार्यों का अवलोकन किया। संचालन आदित्य चौबीसा ने किया।

सहायता शिविर

रामामंडी में कृत्रिम अंग वितरण

नारायण सेवा संस्थान व के.के अग्रवाल परिवार के संयुक्त तत्वावधान में 17 मार्च को रामामंडी, भटिंडा में आयोजित दिव्यांग सहायता शिविर में 82 दिव्यांगजन ने भाग लिया, जिनमें से 66 दिव्यांगजन को कृत्रिम अंग (हाथ-पैर) लगाने के लिए नाप लिए गए। मुख्य अतिथि श्री संकेत थापर थे। अध्यक्षता डॉ अवनीश कुमार ने की। विशिष्ट अतिथि श्री राजिन्दर कुमार राज लहरी, श्री अनिल कुमार विक्की, श्री केवल कृष्ण जी, श्री सतीश जी सिंघला, एवं श्री मनीष कुमार जी थे। शिविर में जरुरतमंद 4 दिव्यांगजन को केलीपर्स और 2 को ट्राई साईकिल प्रदान की गई। 2 दिव्यांगजन का निशुल्क पोलियो करेक्टिव सर्जरी के लिए चयन किया गया। संस्थान की ओर से डॉ. लोकेन्द्र जी व रोहित जी तथा डॉ. नेहा अग्निहोत्री की टीम ने दिव्यांगजन की जांच एवं चयन किया। साधक श्री भंवर सिंह, श्री प्रफुल्ल व्यास, प्रवीण देराश्री व हितेश सेन की टीम ने शिविर व्यवस्था में सहयोग किया।

औरंगाबाद में दिव्यांगों को उपहार

नारायण सेवा संस्थान के तत्वावधान में रमणीकलाल प्रेमजी भाई पटेल के सौजन्य से औरंगाबाद (महाराष्ट्र) के अभिषेक अपार्टमेंट में 12 मार्च 2019 को निशुल्क कृत्रिम अंग वितरण शिविर आयोजित किया गया। जिसमें पी एण्ड ओ श्री निवास ने परीक्षण कर 36 दिव्यांगजन को कृत्रिम हाथ-पैर लगाए। ये वे दिव्यांग थे जो जन्मजात अथवा किसी दुर्घटना में अपने हाथ- पैर गंवा चुके थे। शिविर का उद्घाटन महापौर श्री नंदकुमार घोड़ेले ने किया। अध्यक्षता मुंबई के समाजसेवी श्री रामजी भाई प्रेमजी पटेल ने की। विशिष्ट अतिथि आमदार श्री अतुल सावे, सेवानिवृत न्यायाधीश श्री एस. एस बग्गा, एम आई टी अध्यक्ष श्री यज्ञविर कवडे, श्री राहुल भैया पटेल, डॉ. माधव हंडे, श्री बाबूभाई पटेल, श्री गजानन दिग्रसर व श्री गणेश वरकड आदि उपस्थित थे। शिविर में 53 दिव्यांगों का पंजीयन हुआ।

नारायण सेवा संस्थान
नर सेवा नारायण सेवा

स्कूली बच्चों की सहायता

मानव कमल कैलाश सेवा संस्थान के तत्वावधान में पिछले दिनों जरूरतमंद छात्र-छात्राओं को निःशुल्क जूते-चप्पल एवं स्टेशनरी वितरित की गई। संस्थान संस्थापक-चैयरमेन पूज्य कैलाश जी 'मानव' एवं सह संस्थापिका कमला देवी जी अग्रवाल के निर्देशानुसार 25 मार्च को राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, बाबरिया खेडा पं. स.-भूपालसागर में 60 से अधिक जरूरतमंद छात्र-छात्राओं को जूते-चप्पल की जोड़ी वितरित की गई। बडगांव पंचायत समिति के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, उपली बड़ी में 16 मार्च को 120 से अधिक छात्र-छात्राओं को स्टेशनरी किट वितरित किए गए। 27 मार्च को भीण्डर पंचायत समिति के गांव खरसाण में बालिका उच्च प्राथमिक विद्यालय की 55 से अधिक छात्राओं को चप्पल की जोड़ीयां वितरित की गई। 28 मार्च को उदयपुर महिला एवं बाल विकास समिति सेक्टर-5 के 50 बच्चों व राजकीय बालिका प्राथमिक विद्यालय सेक्टर-6 की 40 बालिकाओं को स्टेशनरी वितरित की गई। इन शिविरों के प्रभारी कुलदीप सिंह शेखावत थे। सहयोग राजकुमार मेनारिया, शीतल अग्रवाल, ओम प्रकाश गौड़, मनोज नागर व तुषांत जैन ने किया। **गौशाला को चारा:** 29 मार्च को नगर निगम के काईन हाउस (गौशाला) को संस्थान की ओर से पशुओं के लिए हरा चारा प्रदान किया गया। काईन हाउस को 600 किलोग्राम से अधिक हरा चारा दिया गया। काईन हाउस प्रभारी नाथुलाल ने संस्थान को गौ सेवा के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

स्नेह मिलन

सेवा मनीषियों का स्नेह सम्मेलन

-चैत्र नवरात्रि दिव्यांग कन्या निःशुल्क ऑपरेशन शिविर का उद्घाटन करते हुए मानवजी व अतिथि

नारायण सेवा संस्थान के तत्वावधान में 7 अप्रेल को सेवा महातीर्थ, बड़ी में संस्थान सहयोगियों का स्नेह सम्मेलन संपन्न हुआ। जिसमें 250 से अधिक सहयोगियों ने भाग लिया। संस्थान संस्थापक पद्मश्री कैलाश जी मानव के सानिध्य में दिव्यांग कन्याओं के निःशुल्क नवरात्रि ऑपरेशन शिविर का उद्घाटन किया गया। उन्होंने संस्थान के सेवा प्रकल्पों की जानकारी देते हुए उनमें सहभागिता के लिए सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सेवा और परोपकार तभी हो सकते हैं जब व्यक्ति में संवेदना और भावना हो। स्नेह सम्मेलन में विशिष्ट अतिथि श्री हरपाल अग्रवाल, श्री चरणजीत कालरा,श्रीमती प्रेम कुमारी गुड़गांव, श्रीमती बृजबाला, श्रीमती कुसुम गुप्ता, नई दिल्ली, नलिनी बेन जामनगर, नंद किशोर बत्रा जयपुर, श्री कैलाश चन्द्र गौड़ अजमेर, श्री नानजी भाई राजकोट थे। विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय सेवा कार्यो के लिए सेवा मनीषियों को सम्मानित किया गया। संचालन महिम जैन ने व धन्यवाद ज्ञापन दल्लाराम पटेल तथा रोहित तिवारी ने किया।

सेवा और सम्मान

नारायण सेवा संस्थान के माध्यम से देश के विभिन्न शहरों-कस्बों में दिव्यांगजन की निःशुल्क शल्य चिकित्सा, पुनर्वास, जरूरतमंद दीन-दुखियों की सेवा, निराश्रित बच्चों की शिक्षा एवं प्रशिक्षण में सहभागी सहयोगियों एवं भामाशाहों के आत्मीय स्नेह मिलन एवं सम्मान समारोह आयोजित हुए।

भायंदर

मुम्बई के भायंदर में नारायण सेवा संस्थान के श्री उमराव सिंह जी ओस्तवाल की अध्यक्षता मे 24 मार्च को स्नेह मिलन व भामाशाह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें जरुरतमंदों को निशुल्क व्हील चेयर वितरण के साथ ही संस्थान के सेवा कार्यों में सहयोग के लिए डोनेशन बॉक्स वितरित किए गए। अतिथियों का स्वागत कमल लोढ़ा ने किया। उन्होंने बताया कि भायंदर में निशुल्क फिजियोथेरेपी सेंटर भी सुचारू रूप से चल रहा है जिसमें रोजाना 40 से 50 रोगी लाभ ले रहे हैं। कार्यक्रम में श्रीमती सीमा पारेख, श्री किशोर जैन, श्री देवेंद्र वखारिया, श्रीमती सरिता नाइक, श्री दीपक शर्मा, श्री नीलेश गांधी, श्रीमती मनीषा परमार, श्रीमती प्रियंका दुबे, श्रीमती भक्ति, श्रीमती नीलम जी, श्रीमती सुजाता, श्रीमती मुनमुन पाल, श्रीमती संगीता जी, श्री गुलाब, श्रीमती ऋतु कपिल, श्री कीर्ति कोठारी, श्री बलविंदर रविसोडा, श्रीमती शीला शर्मा, श्री धर्मेंद्र शर्मा, श्री मनोज जैन, श्री बाबूलाल शर्मा श्रीमती रजनी, श्री महावीर सुराणा, श्री गौतम सेठिया, श्री कनक बुच्चा, श्री प्रवीण परमार आदि ने संस्थान के कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने पर विचार व्यक्त किए।

श्रीगंगानगर

श्रीगंगानगर (राजस्थान) के न्यू कंगन पैलेस, सुखाडिया नगर में 24 मार्च 2019 को संस्थान द्वारा आयोजित स्नेह मिलन समारोह में संस्थान के सहयोगी भामाशाहों के सम्मान के साथ निशुल्क सेवाओं के विस्तार पर विचार किया गया। विशिष्ट अतिथि श्री श्याम सुन्दर माहेश्वरी, श्री के.बी लीला, श्री ओमप्रकाश सुखेजा, श्री रामगोपाल जी जसुजा, श्री राजेन्द्र प्रसाद शर्मा, श्री बी.के शर्मा, श्री आसेश्वर प्रसाद, श्री कपिल सेतिया, श्री जब्बर सिंह, श्री बिन्दू गोस्वामी, श्री नवल जी, श्री संदीप कुमार एवं श्री विजय गोयल थे। कार्यक्रम प्रभारी श्री राजमल शर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया। संचालन सुशील कौशिक ने किया।

जोधपुर

जोधपुर (राज.) के अमारा रिसोर्ट, ट्री हाऊस बुटीक होटल, चोपासनी रोड़, फिल्टर हाऊस में 7 अप्रेल 2019 को संस्थान के स्नेह मिलन समारोह में संस्थान के सहयोगी भामाशाहों का सम्मान किया गया। विशिष्ट अतिथि श्री सतीश जी पुरोहित, श्री मुरली सिंह जी भाटी, श्री राजूभाई कादरी, श्री बद्री कृष्ण जी व्यास, श्रीमती कविता जी अरोड़ा, श्रीमती कमला जी परिहार व श्रीमती कान्ता जी मल्होत्रा थी। प्रभारी श्री विक्रम सिंह चौहान ने अतिथियों का स्वागत किया। संचालन कुंज बिहारी मिश्रा ने किया।

नारायण सेवा संस्थान
नर सेवा नारायण सेवा

दीनबन्धु वार्ता एवं सत्संग

श्री राम -कृष्ण कथा एवं दीन बंधु वार्ता

संस्थान के लियों का गुड़ा (बड़ी) स्थित सेवा महातीर्थ में 1 से 5 अप्रेल तक पूज्य गुरुदेव श्री कैलाश जी 'मानव'ने 'श्रीराम-कृष्ण अवतार कथा' एवं अपनों से अपनी बात कार्यक्रम में संस्थान में देश के विभिन्न भागों से निशुल्क पोलियो करेक्टिव सर्जरी के लिए आने वाले दिव्यांगजनों के साथ अपने विचार साझा किये। 'आस्था चैनल पर प्रसारित उनके विचारों को यहां संक्षिप्त रुप में प्रस्तुत किया जा रहा है। संचालन महिम जैन एवं ओमपाल सीलन ने किया।

लाभ को लोभ में न बदलें

